हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 6 मार्च 2024



06 स्कूल के पास चल रही शराब दुकान का सांसद प्रज्ञा...



07 कालापीपल-कुरावर मार्ग पर ट्रक पिकअप...








## खबर संक्षेप



### श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर होगा महाशिवरात्रि पर विशेष सिंगार

**सीहोर।** इस साल भी महाशिवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां चल रही है। शुक्रवार महाशिवरात्रि पर्व पर महा आरती का आयोजन किया। इसको लेकर शहर के कोतवाली चौराहा स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव समिति व्यापारी संघ ने महाशिवरात्रि मनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक रतलामी स्वीट्स परिसर में किया गया समिति के सभी सदस्यों ने सहमति से महाशिवरात्रि पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर एक क्विंटल गुलाब के फूलों के रंग बिरंगी रोशनी से मंदिर के परिसर को सजाया जाएगा। इसके अलावा दो क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी का भोग लगाकर भक्तों को प्रसादी वितरण की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित समाजसेवी अशोक अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, जितेंद्र साहू, नंदकिशोर जायसवाल, राजू कौशल, प्रदीप त्यागी, सुधीर कौशल, प्रणव शर्मा, बाबू भाई, मनीष भाई, कपिल महेश्वरी, अंकित जाटव, धीरज साहू शामिल थे।

### हाथ जोड़कर तोड़ फोड़ नहीं करने की अपील करते रहे पुलिसकर्मी, वीडियो हो रहा वायरल

# स्कूल के पास चल रही शराब दुकान का सांसद प्रज्ञा सिंह ने हथोड़े से तोड़ा ताला

साध्वी जिले के खजूरिया कलां में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली भोपाल लोकसभा क्षेत्र की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। साध्वी ठाकुर ने सीहोर जिले के ग्राम खजूरिया कलां में पहुंचकर शराब दुकान का विरोध करते हुए दुकान का ताला हाथ में हथोड़ा लेकर तोड़ दिया और शराब बाहर फेंक दी। जिसका फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

साध्वी जिले के ग्राम खजुरिया कलां में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को पहुंची थी, जहां ग्रामीणों और स्कूली छात्राओं की शिकायत पर शराब दुकान का विरोध करते हुए हाथ में हथोड़ा और पत्थर के साथ शराब दुकान का गेट का ताला तोड़ दिया।

मामले में आबकारी विभाग ने भी अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने शराब दुकान का विरोध करते हुए हाथ में ₹हथोड़ा₹ और ₹पत्थर₹ के साथ शराब दुकान का गेट का ताला तोड़ दिया। इसके बाद शराब बाहर निकलवा कर फिंकवाई। साथ ही कहा कि स्कूली छात्राओं ने हिम्मत दिखाई है, उन्हें कोई डराएं या धमकाए नहीं अन्यथा गलत होगा।



### ताला तोड़ने के बाद क्या बोली साध्वी?



साध्वी प्रज्ञा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शराब का ठेका है, जिसका लाइसेंस नही है इसके पास में ही स्कूल है। इसकी शिकायत स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने मुझे की है। इसके पहले भी उन्होंने मुझे अवगत कराया था।तब भी मैने कहा था तब मुझे यह जानकारी मिली थी वीडियो के माध्यम से इसे बंद करा दिया गया है। मैने मान भी लिया था, लेकिन मुझे फिर यहां पहुंचने पर शिकायत मिली है, इसलिए में इस गैर कानूनी कार्य को बच्चों के साथ इसको तोड़ रही हूं।

### हाथ जोड़ते रहे पुलिसकर्मी

वही इस दौरान एक पुलिस कर्मी ने सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से हाथ जोड़कर तोड़ फोड़ नहीं करने अपील करने लगे, जिस पर सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि गिरफ्तार करना है तो कीजिए हम भी विनर्मता पूर्वक कह रहे हैं। बच्चियों के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे, क्योंकि यह गलत कार्य है।


### पुलिस ने किया मामला दर्ज

मामले को लेकर जानकारी देते हुए आबकारी विभाग की सब इंस्पेक्टर शारदा कारोलिया ने कहा कि ₹शिकायत पर आबकारी अमला पहुंचा था। जहां कार्रवाई करते हुए 890 लीटर अवैध शराब जप्त की है। अज्ञात के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच की जा रही है।

## चोरी की बड़ी वारदात : 7 लाख के जेवर और 50 हजार नकदी स्कूल बैग में भर ले गए

**सीहोर।** सीहोर के इंग्लिशपुरा मोहल्ले में चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए 50 हजार नकदी और 7 लाख के जेवरात व समान पर हाथ साफ कर लिया। सुबह जब परिजन वापस लौटे तो घर का ताला टूटा देख होश उड़ गए। परिजनों इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार इंग्लिशपुरा निवासी योगेंद्र पिता शंकरलाल सोनी परिवार के साथ सुंदरकांड कार्यक्रम में शामिल होने देवास जिले के खातेगांव गए थे। सुबह जब वे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। योगेंद्र सोनी ने बताया कि चोर मकान के अंदर रखे 50 हजार रुपए सहित करीब 7 लाख के सोने-चांदी की चूड़ी, मंगलसूत्र, अंगूठी, चैन, झुमकी के अलावा अन्य जेवरात ले गए । घर के अंदर बच्चों के स्कूल बैग नहीं मिले, कॉपी-किताबें वहीं फैली पड़ी थीं। इससे



अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर इन्हीं स्कूल बैग में जेवरात रखकर ले गए हैं। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है लेकिन अभी तक चोरों का कोई पता नहीं चला है। ज्ञात रहे किसके पहले हाउसिंग बोर्ड में भी दो बड़ी चोरी की वारदात हुई थी , लेकिन पुलिस चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा उपलब्ध

**सीहोर।** श्री राजन ने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

## फिल्म 'व्हाट ए किस्मत' पर जारी किए गए दो पोस्टकार्ड

**लिसा टॉकीज में 22 मार्च को होगा प्रीमियर शो**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

फिलेटलिक सोसाइटी ऑफ़ इंडिया पीएसआई के 128वें स्थापना दिवस पर इंडो अमेरिकन सोसायटी हाल मुंबई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आगामी 22 मार्च 2024 को रिलीज होने जा रही फिल्म व्हाट ए किस्मत पर आधारित दो प्राइवेट पिक्चर पोस्टकार्ड मुंबई में जारी किए गए।

ज्ञात रहे कि मध्य प्रदेश के सीहोर में पहली बार संपूर्ण रूप से बनाई गई इस फिल्म के निर्माता वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, लीसा राय एवं अंशय राय हैं। फिल्म के लेखक एवं निर्देशक मोहन आजाद हैं। व्हाट ए किस्मत पर आधारित दो पिक्चर पोस्टकार्ड जारी करते हुए पीएसआई के वरिष्ठ सदस्य श्री सुरेंद्र कोटडिया एवं श्री हाजी आबेद अली ने बहुत प्रसन्नता जताई कि पुराने जमाने को हमने पिक्चर पोस्टकार्ड के जरिए फिर से जीवित करने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि पुराने समय में बड़े-बड़े हीरो हीरोइन अपनी नई फिल्म आने पर अपने फोटो के साथ पिक्चर पोस्टकार्ड प्रशंसकों को भेज कर उनसे आग्रह किया करते थे कि उनकी फिल्म देखने के लिए थिएटर में जरूर जाएं। कार्यक्रम में पीएसआई के लगभग 25 सदस्य एवं फिल्म के मुख्य कलाकार युद्धवीर दहिया तथा मानसी सहगल उपस्थित थीं। दोनों कलाकारों ने विस्तार से फिल्म में अपने रोल के बारे में बताया। फिल्म प्रोडक्शन टीम की ओर से शैलेंद्र कुमार गोहिया उपस्थित थे। उन्होंने फिल्म के बारे में सदस्यों को बताया तथा दोनों कलाकारों का परिचय भी सभी उपस्थितों कराया। फिल्म व्हाट ए किस्मत के प्रमोशन के लिए इस अनोखी पहल को सभी सदस्यों ने बहुत पसंद किया एवं फिल्म के पिक्चर पोस्टकार्ड पर अधिकांश सदस्यों ने युद्धवीर दहिया तथा मानसी सहगल के ऑटोग्राफ लिए। दोनों कलाकारों ने पीएसआई सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सबसे अनुरोध किया कि आगामी 22 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म व्हाट ए किस्मत थिएटर में जाकर जरूर देखें। क्योंकि सब ने इस फिल्म में बहुत दिल लगाकर मेहनत से अच्छा काम करने की कोशिश की है। अंत में शैलेंद्र कुमार गोहिया ने फिल्म आधारित पिक्चर पोस्टकार्ड जारी करने में सहयोग करने के लिए पीएसआई के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने भी पीएसआई की बैठक में नया दौर शुरू करने हेतु फिल्म टीम का आभार व्यक्त किया। फ़िल्म व्हाट ए किस्मत का प्रीमियर शो आगामी 22 मार्च को सीहोर के लिसा टॉकीज में होने जा रहा है। इस मौके पर फ़िल्म से जुड़े सभी प्रमुख कलाकार भी उपस्थित रहेंगे।

## सीसीए ने एकतरफा मुकाबले में फेथ क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हराया

**सीहोर।** खिलाडिय़ों को मंच देने के लिए स्वर्गीय प्रमोद पटेल स्मृति अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहर के बीएसआई मैदान पर जूनियर युवा खिलाडिय़ों के सहयोग से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीसीए और फेथ क्रिकेट टीम के मध्य मैच खेला गया था। जिसमें सीसीए की टीम ने यह मैच सात विकेट से जीत लिया।



मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में फेथ क्रिकेट टीम ने निर्धारित 40 ओवर में दस विकेट खोकर 157 रन बनाए थे। इसमें आदित्य तोमर ने आठ गेंद पर 10 रन, आयुष ने 35 गेंद पर 23 रन, ऋषि ने 14 रन, रीतविक राज ने 64 गेंद पर 60 रन और यर्थात ने 54 गेंद पर 20 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वही सीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए किनशुक श्रीवास ने 7.3 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट, शिवराज ने 8 ओवर 22 रन देकर 2 विकेट, कृष्णा-प्रताप ने 1-1 विकेट हासिल किया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीसीए टीम की शुरूआत खराब रही। उनका पहला विकेट सलामी बल्लेबाज दिव्यांश साहू 14 गेंद पर मात्र 5 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गया, इसके पश्चात साथी खिलाड़ी प्रताप ने 100 गेंद पर 11 चौके और तीन छक्के की मदद से 96 रन की नाट आउट पारी खेली। वहीं मर्तंड सिंह ने 31 रन और पार्थ शर्मा ने 52 गेंद पर 29 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा फैथ क्रिकेट टीम की ओर से रीतविक, अर्जुन और आदित्य ने एक-एक विकेट हासिल किए थे। मैच के अंत में सीसीए के विस्फोटक बल्लेबाज प्रताप की 96 रन की शानदार पारी की बदौलत उनका सम्मान किया गया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार की सुबह पीपीसीए सीहोर और भोपाल की अंकुर ए के मध्य मैच खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता काका की स्मृति में जूनियर युवा खिलाडिय़ों के द्वारा की जा रही है। सोमवार को पहले दिन एलबीएस और अंकुर के मध्य खेला गया था। इसमें एलबीएस की टीम ने जीत हासिल की थी।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व्यय अनुवीक्षण दलों का प्रशिक्षण

**सीहोर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़न दस्ता दल, वीएसटी, एमसीएमसी, एसएसटी, एफएसटी दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा दलों के दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गई । उन्होंने निर्वाचन व्यय लेखा के कार्यों, निर्वाचन व्यय के प्रकार तथा एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी के कार्य के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी । मास्टर ट्रेनर द्वारा जप्ती की कार्यवाही तथा प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया । प्रशिक्षण में चेक पोस्ट तथा उड़नदस्ता दल को निगरानी रखने, वाहनों की जांच, परिवहन के सामग्रियों के दस्तावेज परीक्षण तथा कार्यवाही की सम्पूर्ण वीडियोग्राफी करने आदि के संबंध में जानकारी दी गई । संबंधित दलों के अधिकारियों कर्मचारियों को कम से कम समय में त्वरित कार्रवाई कर इसकी जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए । पृथक- पृथक दल के नोडल अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करें । इसके लिए दल के द्वारा की गई कार्यवाही से संबंधित प्रपत्रों में प्रतिवेदन उपलब्ध कराये समय सीमा में । शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर के नम्बर का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाये । नागरिकों द्वारा सी विजिल (सिटीजन विजिलेंस) एप का भी इस्तेमाल किया जा सकता है । प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पंकज जैन, डॉ लखन कलेशिया, डीआईओ संजय जोशी ने व्यय अनुवीक्षण दलों के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया ।



## 70 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ बाइक की जब्त

**सीहोर।** जिले के थाना बिलकिसगंज पुलिस ने अवैध कच्ची देशी शराब का मोटर साइकिल पर परिवहन करने वाले आरोपी को दबोचा है। आरोपी से कुल 70 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब व मोटर साईकिल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बिलकिसगंज अविनाश भोपले के नेतृत्व में बिलकिसगंज पुलिस टीम ने अवैध रूप से करीब 70 लीटर देशी कच्ची शराब का मोटर साइकिल पर परिवहन करने वाले आरोपी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मुखबिर की तरफ से सूचना प्राप्त मिली कि एक व्यक्ति अवैध देशी कच्ची शराब भारी मात्रा में है। जो बेचने के लिये मोटर साइकिल से ले रहा है। दबिश दी जाए तो बरामद की जा सकती है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई कर बिलकिसगंज पुलिस टीम ने अवैध देशी कच्ची शराब का परिवहन करने वाले आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा और आरोपी से मोटर साइकिल सहित करीब 70 लीटर अवैध देशी शराब जब्त कर आबकारी की धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। गिरफ्तार शुदा आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली, मंडी व अन्य जिले में चोरी, मारपीट, लूट जैसे अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी से अवैध शराब चोरी की वारदातों के बारे में पूछताछ कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



## पूर्व सीएम शिवराज सिंह के जन्मदिन पर छात्राओं ने छात्रावास में रोपे 65 पौधे




**रेहटी।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर यूं तो पूरे प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कड़ी में नगर रहती के छात्रावास में भाजपा नेता सहित वहां उपस्थित छात्राओं ने भी पौधारोपण किया। 5 मार्च को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिवस के अवसर पर रेहटी छात्रावास में मामा की बगिया मैं 65 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, सलकनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम नारायण मीणा, वरिष्ठ भाजपा नेता आसाराम यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता अनार सिंह चौहान, रिखीराम यादव, रामविलास यादव जनपद सदस्य अरविंद दुबे, महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष सावित्री चौहान, छात्रावास वाडन विजेता ठाकुर सहित छात्रावास स्टाफ वा भाजपा नेता एवं छात्रावास की बालिकाओं द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को भोजन भी कराया गया।

### बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती को लेकर बसपा की बैठक संपन्न

**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में जिला स्तरीय मीटिंग रखी रविवार को दोपहर 01 बजे जिला कार्यालय बसपा सीहोर रखी गई। जिसमें 15 मार्च 2024 को माननीय कांशीराम साहब की जन्म जयंती जिला स्तरीय समारोह करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे (जिला प्रभारी बसपा सीहोर ), अनोखीलाल मालवीय, (जिला प्रभारी बसपा सीहोर), कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव बौद्ध (जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर ) ने की। मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे ने कहा कि 15 मार्च 2024 को सीहोर में कांशीराम साहब की जन्म जयंती जिला स्तरीय समारोह मनाया जाऐगा। जिसमें सभी विधानसभा क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों को जयंती मनाने के लिए सीहोर में उपस्थित रहेगें। बिशिष्ट अतिथि मालवीय ने कहा कि जिले की मासिक बैठक हर माह पार्टी कार्यालय में आयोजित कि जाती है। जिसमें पार्टी के सभी जिले के पदाधिकारी उपस्थित होते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष बौद्ध ने कहा कि हमारे जिला प्रभारी गण ने जो भी दिशा निर्देश दिए हैं, उन पर पार्टी कार्यकर्ता काम करेंगे। दिनांक 15 मार्च 2024 को मा कांशीराम साहब की जन्म जयंती जिला स्तरीय समारोह मनाया जाऐगा।



**सूचना**

मेरे पक्षकार श्याम लाल वर्मा (Shyam lal varma) आत्मज शादी लाल वर्मा, जिनकी जन्म तारीख 01/01/1957 है।
ग्राम लसूड़िया परिहार (पधार) तह० व जिला सीहोर म०प्र० पिन नं. 466001 (Gram Lasudiya Parihar Sehore (padhar) M.P. Pin Number 466001 हैं। सभी शासकीय दस्तावेजों में यही उल्लेखित है, व सत्य है। व इसी नाम व पतें के द्वारा जाने पहचानें जाते है। आमजन के सूचित हो।

**प्रदीप राठौर, एडवोकेट, ऑफिस सांईनाथ मंदिर रोड चाणक्यपुरी सीहोर मो. 7987510175, 9826239221**

**सूचना**

मेरी पक्षकार हेमलता पत्नि अनिल (Hemlata w/o Anil) है, जिनकी जन्म तारीख 18/03/1982 है। ग्राम लसूड़िया परिहार (पधार) तह० व जिला सीहोर म०प्र० पिन नं. 466001 ( Gram Lasudiya Parihar Sehore (padhar) M.P. Pin Number 466001 हैं। सभी शासकीय में भी दस्तावेज यही उल्लेख है व यही सत्य है। यह उनके आधार कार्ड में उल्लेखित व सत्य है।
2. हेमलता पुत्री सीता राम (Hemlata D/o Sita Ram) हैं, जिनकी जन्म तारीख 18/03/1982 है। यह उनके पेन कार्ड में उल्लेखित व सत्य है। सभी शासकीय दस्तावेजों में यही उल्लेखित है, व सत्य है। व इसी नाम व पतें के द्वारा जानी पहचानी जाती है। आमजन के सूचित हो।

**प्रदीप राठौर, एडवोकेट, ऑफिस सांईनाथ मंदिर रोड चाणक्यपुरी सीहोर मो. 7987510175, 9826239221**

### रुद्रधाम से लेकर रमगढ़ा तक ढोल बाजे, डीजे के साथ में निकली कलश यात्रा

# शिव शक्ति महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

तहसील के रमगड़ा स्थित प्रसिद्ध तीर्थ रूद्रधाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा के साथ में नव कुंडात्मक शिवशक्ति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा रुद्रधाम से लेकर रमगढा तक ढोल बाजे, डीजे के साथ में निकाली गई। शोभायात्रा में क्षेत्र के आसपास की महिलाएं लाल रंग की साड़ियों में अपने सर पर कलश लेकर चल रही थी तो वहीं पुरुषों ने भी कुर्ता पजामा पहनकर इस शोभायात्रा में शिरकत की। इस दौरान 1008 श्री परमहंस जी महाराज रथ पर सवार होकर चले। इस नवकुंडात्मक शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन 1008 श्री परमहंस जी महाराज एवं श्री बजरंगगिरि जी महाराज के सानिध्य में पिछले 24 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इस वर्ष भी 4 मार्च से 10 मार्च तक चलने वाले इस नवकुंडात्मक शिवशक्ति महायज्ञ में 11 लाख शिवलिंगों का निर्माण एवं उनका रोजाना अभिषेक और पूजन की जाएगी। इस दौरान पंडित तरुण तिवारी जी द्वारा व्यास पीठ से श्रीराम कथा श्रवण कराई जाएगी। इसके साथ ही अन्य ब्राह्मणों द्वारा नर्मदा पुराण, शिव पुराण, श्रीमदभागवत पुराण सहित अन्य पुराणों का भी वाचन किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान यहां पर प्रतिदिन सुबह शिवलिंग निर्माण किए जाएंगे तो वही उनका अभिषेक पूजन के बाद आरती होगी और प्रसादी वितरण किया जाएगा। यह बता दें कि रमघड़ा स्थित रूद्रधाम पर पिछले लगातार 24 वर्षों से नव कुंडात्मक शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र सहित दूर-दूर से श्रद्धालु भक्त यहां आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं।



# पति ने एयर गन से मारी गोली, पत्नी की मौत

## पिता एवं परिजनों ने लगाए आरोप - हमारी लड़की को पैसों के लिए रात को ही मार दिया और दूसरे दिन तक सूचना भी नहीं दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

पति ने पत्नी को एयर गन से मारी गोली पत्नी कि मौत मामला है। खुजनेर का जहां प्रखर उपाध्याय उम्र 28 वर्ष नामक युवक ने अपने ही घर पर रविवार रात्रि को एयर गन से पत्नी वंदना उपाध्याय उम्र 27 वर्ष को अपने बेडरूम में गोली मार दी जिससे पत्नी वंदना उपाध्याय कि मौत हो गई। वंदना कि शादी 2021 में ही हुई थी।

परिजनों का कहना कि रात्री कि घटना होने के बाद भी परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। सुबह लड़के के पिता ड्यूटी पर चल गये। क्यों वो खुजनेर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थ है और सरकारी कर्मचारी है। जो सुबह रोज कि तरह ड्यूटी पर चल गए। इस मामले कि सूजना पुलिस को 11 बजे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रखर पाध्याय को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मौके पर एसडीपीओ दिनेश शर्मा , थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां केंद्र पर एक्स-रे कर शव को पोस्टमार्टम रूम में भेजा गया। परिजनों का आरोप था। कि लड़के के पिता ओर मां सरकारी कर्मचारी है। लेकिन इनको इस बात कि जानकारी होने के बाद भी वो सुबह सुबह ड्यूटी पर चल गये। इस मामले में लड़के के माता-पिता को पुलिस द्वारा पांच बजे तक थाने नहीं लाया गया था। न ही उन पर कोई कार्रवाई कि गई। जबकि इसमें लड़के के माता पिता भी दोषी है। वहीं शाम छः बजे तक शव का पोस्टमार्टम किया गया। शव को लड़की के परिजनों को सौंपा गया। जो अंतिम संस्कार के लिए लड़की के गृह गांव राजस्थान के सुनेल के समीप ले जाया गया।





### सिर पर चोट के निशान

हमें 11 बजे सूचना मिली थी। उसके बाद हम मौके पर पहुंचे थे। खुजनेर में सदर बाजार के पास नागेन्द्र उपाध्याय का घर है। वहा पर उनकी बहू वंदना उपाध्याय को उनके बेटे प्रखर उपाध्याय ने एयर गन से मारने कि जानकारी है। उसके बाद जांच कर कार्रवाई की जा रही है। वंदना के सिर पर चोट के निशान हैं। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। जांच कि जा रही है।

**आदित्य सोनी,** थाना प्रभारी खुजनेर

### लड़की के परिजनों ने लगाया आरोप

*लड़की के पिता दीपचंद शर्मा माचलपुर, मौसा उदय भानु, गोविंद प्रसाद दुबे मामा, वर्षा दुबे का आरोप है कि हमारी लड़की को मारने में लड़के सहित माता, पिता का भी हाथ है। हमारी लड़की को रात में ही मार दिया। लेकिन हमें सूचना भी रवि शर्मा खिलचीपुर वालों के मध्यम से सोमवार दोपहर 12 बजे पता चला है जब हम लोगों ने लड़के के पिता को फोन लगाया तो वो बोलते हैं। में अस्पताल में ड्यूटी कर रहा हूं। 2021 में दोनों कि शादी हुई थी। जब तो लड़के के माता-पिता बोले थे कि लड़की राज करेगी। थोड़े दिन तो सही चला उसके बाद परिजनों ने लड़की से लड़ाई झगडे चालू कर दिये थे। लड़की को परेशान करते थे। ओर दहेज के लिए भी बोलते थे। जब कि हमारे द्वारा बहुत दहेज दिया गया था। लड़का बोलता है दुसरी लड़की पसंद है। हम लोगों ने बोला जब पसंद नहीं थी। तो फिर शादी क्यों की हमारी लड़की कि जिन्दगी खराब कर दी। लड़के कि मां ने दो माह पहले बोला था कि ये मंगलसूत्र निकल दो मेरी बहु आयेगी उसको पहनाऊंगी। परिजनों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी गुहार लगाई ओर परिजनों ने उचित कार्रवाई करने ओर घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई।*

---

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, लिया विरोध करने का संकल्प

# नौकरी पर वापस लेने के लिए जनसेवा मित्रों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक वर्ष पूर्व मप्र शासन ने अपनी विभिन्न योजनाओं के प्रचार, क्रियान्वयन इत्यादि को लेकर जिले सहित पूरे प्रदेष की विभिन्न पंचायतों में जनसेवा मित्रों की नियुक्तियां की थीं। ये जनसेवा मित्र लाड़ली बहना योजना, मतदाता जागरुकता सहित आवष्यकता के समय शासन के विभिन्न दायित्वों को निभा रहे थे।

लेकिन, पिछले दिनों इन सभी जनसेवा मित्रों की सेवाएं अचानक समाप्त कर दी गई हैं। शासन के इस निर्णय से आक्रोषित जिले के करीब 180 जनसेवा मित्रों ने मुख्यालय पर प्रदर्षन किया। इन्होंने खिलचीपुर नाके से हाथ में तख्तियां लेकर एक रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए सभी कलेक्टोरेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नीलेष अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर स्थाई रोजगार देते हुए पुनः सेवाएं बहाल करने की मांग रखी। ऐसा न करने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी सेवा से हटाए गए इन कर्मचारियों द्वारा दी गई है।




### भाजपा के विपक्ष में काम करने का लिया संकल्प

ज्ञापन उपरान्त सभी जनसेवा मित्रों ने कलेक्टोरेट परिसर में ही सामुहिक रूप से संकल्प भी लिया। जिसमें उन्होंने शासन द्वारा पुनः नौकरी पर न रखे जाने की स्थिति में गांव-गांव में बीजेपी के विरोध में प्रचार करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही वे अपने परिचितों, रिष्तेदारों को भी भाजपा के पक्ष में वोट नहीं डालने देंगे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे जनसेवा मित्रों ने बताया कि विस चुनावों के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान ने घोषणा की थी कि आप जनता की सेवा करें, आपकी चिंता भाजपा सरकार करेगी। इसके भाजपा सरकार आने पर जनसेवा मित्र कार्य करते रहेंगे लेकिन सभी को सेवा से हटा दिया गया।

---

# कालापीपल-कुरावर मार्ग पर ट्रक पिकअप की भिड़ंत में तीन लोग घायल, एक की हालत गंभीर, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पुलिस थाना अंतर्गत कालापीपल-कुरावर मार्ग पर इमलीखेड़ा जोड़ के पास आज सुबह एक ट्रक व लहसुन से भरी पिकअप वाहन में टक्कर हो गई। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं।

आगखेड़ी से लहसुन बेचने के लिए पिकअप में आ रहे दो ग्रामीण इमलीखेड़ा जोड़ पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन के मौके पर ही दो टुकड़े हो गए।ट्रक चालक भी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे वाहन सहित उतर गया तथा कांच फोड़ कर ट्रक के वाहन चालक को बाहर निकाला गया। पिकअप में सवार दोनों ग्रामीणों सहित ट्रक चालक को चोट आई है। एक घायल को भोपाल रेफर किया गया है तथा दो को कालापीपल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उपचार दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



---

**रंगदारी,सड़कों पर अतिक्रमण जैसी समस्याओं को रखा**

# पुलिस के जनसंवाद कार्यक्रम का नगर परिषद में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद सभागार में पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीआई रामकुमार भगत नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुमार कुशवाह सहित आमजन की मौजूदगी में हुआ जनसंवाद में सरकार की मंशानुरूप पुलिस थाना में जनसंवाद का आयोजन एसपी धर्मराज मीणा के निर्देशन में जिले के सभी थानों में जनसंवाद किया गया, नगर परिषद सभाकक्ष में टीआई रामकुमार भगत, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अध्यक्ष पवन कुशवाह, प्रभारी सीएमओ देवनारायण दांगी सहित पार्षद, पत्रकार, व्यापारी एवं आमजन की मौजूदगी में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें लोगों ने सड़क दुर्घटनाएं, अवैध शराब, रंगदारी, सड़कों पर अतिक्रमण जैसी समस्याओं को रखा, टीआई ने कहा कि आप लोगों के सुझावों पर अमल किया जाएगा एवं पुलिस ने भी आमजन से कहा कि आपकी नजर में कोई गैरकानूनी कार्य हो रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, छोटे विवादों का निराकरण आपस में ही निबटा लें, सक्षम लोग एवं व्यापारी वर्ग सीसीटीवी कैमरे लगवांए और किसी अपराध में निर्दोष को ना फंसाए और पुलिस का सहयोग करें, जनमानस को टीआई ने कहा कि निर्दोष को परेशान नहीं किया जाएगा और आरोपियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

वही नगर में तेज गति से वाहन चलाने वाले और बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनसंवाद कार्यक्रम में आपसी लड़ाई झगड़ा के 15 आवेदन आए उन पर आपसी तालमेल से समझौता कराया गया। जगदीश पटवारी, अधिवक्ता धर्मेंद्र तिवारी, आराधना शर्मा, कमल झावा, बलवीर जयसवाल,पुलिस स्टाप सहित आमजन मौजूद रहे।

---

## सोहागपुर क्षेत्र में था मृतक का मकान

# राजगढ़ निवासी होमगार्ड सैनिक ने शहडोल में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ ब्लॉक के गोरखपुरा गांव निवासी एक युवक ने शहडोल में फांसी लगाकर अपनी इहलील समाप्त कर ली। मृतक युवक शहडोल में होमगार्ड सैनिक की आपदा प्रबंधन इकाई में पदस्थ था। रविवार शाम संदिग्ध स्थिति में उसका शव फांसी पर लटका हुआ मिला। शहडोल पुलिस मामले की जांच में लगी है।

जानकारी के अनुसार गोरखपुरा निवासी 22 वर्षीय अजय तोमर शहडोल जिले में होमगार्ड की एसडीईआरएफ ईकाई में पदस्थ था। रविवार शाम रूटीन गणना के बाद वो अपने मकान पर चला गया। इसके बाद मकान मालिक द्वारा देखे जाने पर उसका शव फांसी पर लटका हुआ पाया गया। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पांडे ने बताया कि सूचना के बाद होमगार्ड डिस्ट्रिक कमांडेंट को भी सूचित किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक अजय की पत्नी ने भी रात्रि में अजय को फोन किया था लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की थी। पुलिस ने शव के पंचनामे उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए मेडीकल कॉलेज भिजवाया। सोहागपुर पुलिस आत्महत्या के कारणों की विवेचना में लगी है।

---

# अचानक ब्रेक फेल होने से तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 2 की मौत, 3 घायल

## फोटो शूट करने इंदौर से भोपाल जा रहे थे, सभी इंदौर निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

इंदौर भोपाल रोड पागरिया घाटी मुकाती वैयर हॉउस के पास ब्रेक फेल होने से एक्सीडेंट हुआ। पार्वती पुलिस मौके पर पहुंची गंभीर रूप से घायलो को सिविल हस्पताल आष्टा 108 से इलाज के लिए भेजा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल फ़ोटो शूट करने जा रहे थे। कार में कुल 5 लोग सवार थे जिनमें से 2 की मौत होने की खबर है। वहीं तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है ।




### कार ने खाईं 4 से 5 पलटी

पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि कार इंदौर से भोपाल जा रही थी, तभी पगलिया घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगला टायर फटने से यह कार चार से पांच पलटी खा गई। कार में कुल पांच लोग थे जिसमें से इलाज के दौरान दो की मौत हो गई। वहीं तीन गंभीर घायल हो गए, जिन्हें आष्टा के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया सभी इंदौर निवासी हैं। इनमें अमन वर्मा, पियूष, रितेश घायल हुए हैं वहीं अमित (25) और गोपाल (35) की मौत हो गई है। सभी इंदौर के निवासी हैं।

---

# नव कार्यकर्ताओं को बताई विहिप की विचारधारा और उद्देश्य




राजगढ़। स्थानीय केके मेमोरियल स्कूल में नवीन कार्यकत्र्ता परिचय वर्ग आआयोजन किया गया। वर्ग में राजगढ़ प्रखंड के 60 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिन्हें जिला मंत्री आषीष मेवाड़े द्वारा विष्व हिन्दू परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वर्ग में विहिप जिलाध्यक्ष तेतेंद्र उपाध्याय ने बताया संगठन के द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों, देषहित हित किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संगठन के लिए लंबे प्रयासों के बाद आज अयोध्या में श्रीरामलाल पुनः अपने घर में प्रतिष्ठापित हो पाए हैं। सभी कार्यकर्ताओं को समाज के मध्य पहुंचकर विहिप संगठन के विचारों, उद्धेष्यों से अवगत कराना चाहिए। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष बृजकिषोर अनंत, प्रखण्ड अध्यक्ष उमेष शर्मा, मंत्री हरीष सेन, चेतराम गुर्जर, मयंक जायसवाल, संतोष राणा, शेलेष भदौरिया, विषाल प्रजापति, संतोष कटारे, राजेंद्र शर्मा, दिव्यांष सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव कार्यालय का सांसद ने किया उद्घाटन



**नरसिंहगढ।** सोमवार को नरसिंहगढ़ विधानसभा में लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ सांसद रोडमल नागर और विधायक मोहन शर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधि विधान से गणेश पूजन कर चुनाव संपर्क अभियान शुरू किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव में जुट जाने की अपील की साथ ही मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने कार्यकर्ताओं को स्वयं प्रत्याशी मानकर चुनाव मैदान में उतरने की बात कही। विधायक मोहन शर्मा ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को पूरे प्रदेश में सर्वाधिक परिश्रम करने वाले कार्यकर्ता बताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में नरसिंहगढ़ विधानसभा से भारी जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल कटरी शिव वेद रमेश मालवीय राजेंद्र उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में में कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

## साधा अडानी-अंबानी पर निशाना, यात्रा के बाद किसानों के साथ किया खाट पर संवाद

# देश में भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है: राहुल गांधी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

हमने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 4 हजार किमी की भारत जोडों यात्रा की जिसको लाखों लोगों का समर्थन मिला पता है क्यूं ? क्योंकि देश में एक धर्म को दूसरे धर्म से लडाया जा रहा है, भाई को भाई से लडाया जा रहा है,एक जात को दूसरी जात से लडाया जा रहा है यह बात भारत जोडों न्याय यात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे राहुल गांधी ने ब्यावरा शहर के पीपल चैराहें पर कहीं।

उन्होंने पीएम पर निशाना साधते हुए बडे बडे औद्यौगिक धरानों को फायदा पहुंचाने एवं किसानों और बेरोजगारों को दरकिनार करने के आरोप लगाए। वहीं राहुंल ने मीडिया पर भी तंज कसते हुए कहा कि मोदी जी बात मीडिया में आती है, अडानी और अंबानी की बात भी आती है परंतु किसानों, मजदूरों,बेरोजगारों और हमारी बात नहीं आ पाती।

ब्यावरा में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर अभा कांग्रेस के प्रवक्ता मप्र मीडिया प्रभारी चरणसिंह सपरा, मप्र विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे और मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा भी उपस्थित थे।

### 90 प्रतिशत आबादी को किया जा रहा है अनदेखा

राहुल गांधी ने कहा कि आज 22 लोग हैं जिनके पास देश का 50 प्रतिशत धन है। मोदी जी ने 16 लाख करोड रुपए व्यापारियों के माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों का 1 रुपया भी माफ नहीं किया। गांधी ने कहा कि 50 प्रतिशत पिछड़े, 15 प्रतिशत दलित एवं 8 प्रतिशत आदिवासी, अल्पसंख्यक एवम सामान्य गरीब मिलाकर 90 प्रतिशत होते हैं उनकी भागीदारी नगण्य है। किसी बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो जितनी बड़ी कंपनियों की लिस्ट में उनके मालिकों में एक नाम भी इस 90 प्रतिशत वर्ग के लोगों का नहीं है, उनके सीनियर मैनेजमेंट में भी एक नाम नहीं, मीडिया के मालिकों में भी इस 90 प्रतिशत वर्ग का एक भी नाम नहीं, ब्यूरोक्रेसी में देखें तो 90 लोग जो कि आईएएस अधिकारी हैं उसमें से केवल तीन ओबीसी, एक आदिवासी एवं तीन दलित हैं, जब बजट आता है 100 में से 6 रुपए का केवल ये लोग फैसला करते हैं।

### किसानों के साथ किया खाट पर संवाद

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी रोड शो में बाद करनवास के पास शेरपुरा पहुंचे जहां पर उन्होने प्रदेश भर के चुनिंदा किसानों से खाट पर बैठकर संवाद किया। गांधी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना किसानों ने भी खुलकर अपनी बात रखते हुए एमएसपी जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

### आज पहुंचेगे पचोर व सारंगपुर

सोमवार की रात्री शेरपुरा में ही विश्राम कर अगले दिन 5 मार्च को न्याय यात्रा सुबह पचोर होते हुए सारंगपुर की ओर रवाना होगी। पचोर और सारंगपुर में रोड शो करते हुए यात्रा शाजापुर जिले में प्रवेश करेगी।

## खबर संक्षेप

### कान्याखेड़ी सिंचाई परियोजना के लिए 222 करोड़ राशि की स्वीकृति

**आष्टा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिये 5 हजार 180 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति दी गई। इसमें से 5 हजार 42 करोड़ रूपये की पुनरीक्षित और 137 करोड़ रूपये से अधिक प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश की अनेक परियोजनाओं के साथ ही सीहोर जिले के जावर तहसील की 222 करोड़ 3 लाख रूपये लागत की कान्याखेडी मध्यम सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन के लिये राशि की स्वीकृति दी गई। जावर तहसील में सिंचाई का रकबा बढ़ने से 222 करोड़ 3 लाख रूपये लागत की कान्याखेडी मध्यम सिंचाई परियोजना (सैंच्य क्षेत्र 4605 हेक्टेयर) की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2018 में राशि 102 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से यह सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। उस समय 7 ग्रामों का 2400 हेक्टेयर क्षेत्र परियोजना में शामिल था, जिसे बढ़कर 11 ग्रामों का 3800 हेक्टेयर क्षेत्र किया गया है। सिचाई परियोजना के पूरा होते ही क्षेत्र के किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा सिचाई परियोजना के माध्यम से कियानों को लाभ होगा।

### सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता के प्रयास अब हो रहे हैं कारगर साबित

# स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहे सुधार से मिल रही राहतः शहर के सिविल अस्पताल में ही हो रहा गंभीर बीमारियों का उपचार

### सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने से मरीजों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गोपाल इंजीनियर विधायक बनने के बाद से लगातार आष्टा सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का प्रयास कर रहें है और कुछ हद तक विधायक गोपाल इंजिनियर इसमें सफल भी हुए है और इसका परिणाम भी अब धीरे-धीरे सामने भी आ रहा है। आपको बता दें कि बीते कुछ समय से आष्टा विधानसभा के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में विभाग द्वारा काफी सुधार किया गया है। और सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दुर करने समेत अन्य स्वास्थ सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है और इस बदलाव में क्षेत्रीय विधायक गोपाल इंजिनीयर का महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है फिलहाल अभी भी सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की काफी गुंजाइश है। जिससे गंभीर मरीजों को सीहोर, भोपाल, इंदौर समेत अन्य स्थानों तक की भागदौड़ करने के लिए मजबूर ना होना पड़े।

#### विधायक ने की ट्रामा सेन्टर की भी मांग

बीते दिनों मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होने आए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने भी विधायक गोपाल इंजीनियर विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आष्टा में ट्रामा सेंटर की मांग रख चुके है और बाकायदा मुख्यमंत्री मोहन यादव को विधायक गोपाल इंजिनियर



ने इसका पत्र भी लिखा है ऐसे में विधायक की मांग पर आष्टा में ट्रामा सेंटर बनता है तो इसका लाभ भी जनता को मिलेगा और मरीजों को सीहोर, भोपाल, इंदौर नही ले जाना पड़ेगा।

#### कमियों को दूर करें तो स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर

शासन ने सिविल अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञों के 13 स्वीकृत पदों में से मात्र पांच पर नियुक्ति की है। इसी प्रकार नर्सिंग ऑफिसर के 36 स्वीकृत पदों में से 24 पद भरे हुए हैं ,12 पद रिक्त पड़े हैं । वहीं सुरक्षा गाड्र्स की भी कमी है ।फार्मासिस्ट के चार स्वीकृत पद में से मात्र एक की नियुक्ति है। इसी प्रकार एक्स-रे टेक्निशियन का भी एक पद रिक्त हैं। जो युवा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम इस सिविल अस्पताल में पदस्थ हुई है वह अपनी सेवाएं शासन की मंशा के अनुरूप से बढ़कर देना चाहते हैं ।लेकिन स्टाफ की कमी संसाधनों की कमी के कारण यह विशेषज्ञ चिकित्सकों असहाय महसूस कर रहे हैं। सीमित व्यवस्थाओं के चलते सर्जिकल चिकित्सा डॉ भूपेंद्र परमार सिविल अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर प्रारंभ करने के साथ-साथ गंभीर चिकित्सा यूनिट को भी व्यवस्थित रूप से चालू करना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित करना प्रारंभ कर दिया है और उनके इस कार्य में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा सोनी व डॉ गंभीर पटेल भी सहयोग कर रहे हैं। वहीं इन युवा डॉक्टरों को बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन का भी अच्छा सहयोग मिल रहा है। लिहाजा जिन चीजों की कमी है उसकी सूची जिला मुख्यालय पर विधिवत भिजवा दी गई है। अब जिला मुख्यालय से सामग्री उपलब्ध होने का इंतजार है जिससे सिविल अस्पताल में ऑपरेशन का कार्य प्रारंभ हो सकेगा तो मरीजों के परिजनों को सीहोर, इंदौर भोपाल के लिए भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

#### स्टाफ की कमी से जूझ रहा अस्पताल

सिविल अस्पताल आष्टा में डायलिसिस यूनिट की जहां सुविधा उपलब्ध हुई है तो वहीं 10 बेड का आईसीयू, 14 बेड का पीआईसीयू को आईसीयू पूरी तरह से बनकर तैयार है लेकिन स्टाफ की कमी के चलते शूरू नही हो पा रहा है और इस पीआईसीयू को शुरु करने पर अस्पताल विभाग ध्यान दे रहा है और इसके लिए आगामी दिनो में रोगी कल्याण समिती की बैठक में भी ध्यान केंद्रित किया जायेगा। अब आवश्यकता है स्वास्थ्य विभाग एवं जनप्रतिनिधि गण उक्त कार्य में सहयोग कर मरीज को बाहर रेफर होने से रुकवा सके एवं अच्छी सुविधा इस सिविल अस्पताल में दिलवा सके। लिहाजा अस्पताल में धीरे धीरे आ रहें परिवर्तन से विधायक गोपाल इंजिनियर से विधान सभा की जनता की अपेक्षा बड़ गई है और क्षेत्र के नागरिकों की विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से अपेक्षा है कि वह सिविल अस्पताल में युवा विशेषज्ञ चिकित्सकों की भावनाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराकर मरीजों को शोषित होने से रोके तथा यहीं पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं।

#### सिविल सर्जन की उपलब्धियों का मिला लाभ




सिविल अस्पताल में सबसे लम्बे समय तक बीएमओ के पद पर रहकर अपनी सेवाएं देने वाले जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता की उपलब्धि का भी लाभ अब सिविल अस्पताल को मिल रहा है। आपको बता दें कि सिविल सर्जन डॉ . गुप्ता ने कोरोना जेसी वैश्विक महामारी में भी अपने अनुभव से सबसे अधिक कोविड़ सेंपल ग्रामीण क्षेत्र में जा जा कर एकत्रित किए तो कोविड की नाजुक परिस्थितियों में आष्टा की सम्पूर्ण व्यवस्था को सीमित संसाधनों में संभाले रखा। वहीं विधानसभा की जरूरत के हिसाब से 150 एलपीएम एवं 300 एलपीएम को ऑक्सीजन प्लांट भी स्थापित करवाया। और सबसे बड़ी खास बात डॉ. प्रवीर गुप्ता के कार्यकाल में सिविल अस्पताल लगातार 3 वर्ष से कायाकल्प कार्यक्रम में चयनित होकर सम्मानित हो चुका है तो लक्ष्य कार्यक्रम में भी वर्ष 2022 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस दौरान सिविल अस्पताल आष्टा को बीते वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर के दल द्वारा एनक्यूएएस से सम्मानित किया जिसकी नीव वर्तमान सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय द्वारा रखी गई थी !उनके द्वारा जिला चिकित्सालय में पदभार ग्रहण के बाद भी एनक्यूएएस कार्यक्रम के लिए सिविल अस्पताल आष्टा में मेंटोर के रूप में योगदान प्रदान किया। लाजमी है डॉक्टर प्रवीण गुप्ता की इन्ही उपलब्धियों का लाभ भी सिविल अस्पताल को जरूर मिलेगा। बस अब इंतजार है विधायक गोपाल इंजिनियर के प्रयासों के सफल होने का।

## वार्ड 17 में दो स्थानों पर बनेंगी रोड, किया भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका जहां नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने में प्रयासरत है, वहीं नगरवासियों की सुख-सुविधाओं जैसे पार्क, तरणताल, ओपन जिम जैसी सुविधाएं भी नागरिकों के लिए कर रही है। जिस उद्देश्य से हमें आष्टा अंचल की जनता ने चुनकर भेजा है, उस उद्देश्य की पूर्ति करना हमारा प्रथम कत्तव्य है और उसी के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से नगर सहित संपूर्ण तहसील में विकास कार्य किए जाएंगे। इस आशय के विचार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर के वार्ड क्रमांक 17 में दो स्थानों पर बनने वाले सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए। उक्त कार्य का भूमिपूजन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद श्रीमती अंजनी चैरसिया, विशाल चैरसिया की उपस्थिति में किया गया।

विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दोनों सीसी रोड़ मनोज काका के मकान से खुटियाबाबा तक एवं डीपी से श्रीराम मंदिर तक तथा पीपल पेड़ से बुधवारा तक लगभग 20 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होंगे। वार्ड क्रमांक 17 के यह दोनों मुख्य मार्ग है, जो नगर के मुख्य बाजार को जोड़ने का काम करते है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में विद्यार्थीगणों का आवागमन बना रहता है। भूमिपूजन अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद अंजनी चैरसिया, विशाल चैरसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, कमलेश जैन, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, कृपालसिंह पटाड़ा, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, मेहमूद अंसारी, आरिस अली, अतीक कुरैशी, पूर्व पार्षद माखन कुशवाह, राशीद पठान, गिरजा कुशवाह, कैलाश कुशवाह, कमलेश कुशवाह, भीमा कुशवाह, संजू कुशवाह, मुकेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट



**आष्टा।** प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में 09 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में निराकरण के लिए रखे जाने वाले विद्युत प्रकरणों में छूट दी जा रही है। यह जानकारी तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 09 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में छूट के निर्देश दिए गए है। न्यायालय में चल रहे विद्युत के लंबित प्रकरणों में एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार की छूट रहेगी। छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत 09 मार्च में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त प्रचार-प्रसार के लिए तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के जिला न्यायाधीश अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में दी जानकारी



**आष्टा।** मंगलवार को शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा में हेल्थ क्लब द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.कुमकुम अग्रवाल ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी में बताया कि आज के समय में खाद्य पदार्थों में कई प्रकार की मिलावट की जाती है। जैसे दुध, घी, दही, मिठाइ, मावा आदि। इसके साथ ही पदार्थों में मिलावट से हमारे शरीर पर होने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. मेघा जैन, डॉ. चन्दना शर्मा, जयपाल सिंह विश्वकर्मा, जगदीश कुमार नागले और अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र के किसानों ने विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह ठाकुर ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को मांग पत्र सौंपा। उल्लेख है जावर सरसों उत्पादन में बड़ी तहसील है। जिसमें सरसों फसल का रकबा हजारों हेक्टर में है। तहसील के किसानों द्वारा सरसों रायडा फसल का पंजीयन करना है। लेकिन पंजीयन पोर्टल नहीं खुल रहा है। जो कि किसानों ने गिरदावरी में सरसों चढ़ा दी है, जावर तहसील में सरसों खरीद केंद्र एक भी नहीं है। कृषि उपज मंडी में सरसों 3900 से 4500 प्रति कुंटल की खरीदी की जा रही है। जबकि सरसों का समर्थन मूल्य 5650 प्रति कुंटल शासन द्वारा निर्धारित किया है। किसानों को 1000 से लेकर तो 1500 रुपए कुंटल के आसपास नुकसान हो रहा है। विधायक ने ठाकुर को आश्वासन दिया कि हम कलेक्टर को एक पत्र लिख रहे हैं। पंजीयन पोर्टल खोला जाए, जिससे किसान पंजीयन करा सके और फसल को समर्थन मूल्य पर बेच सके। इस अवसर पर पत्र सौंपने वालों में सूर्यपाल सिंह ठाकुर, राम सिंह ठाकुर, न्याज मंसूरी, विजेंद्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, जीवन मालवीय आदि लोगों उपस्थित है।



## जावर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विष्णु वर्मा का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के बड़े बेटे विष्णु वर्मा का एवं युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष इच्छावर मनीष विश्वकर्मा के साथ पूरी टीम का जावर नगर में प्रथम बार आने पर स्वागत किया। पार्षद मदन विश्वकर्मा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के निवास पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, वरिष्ठ नेता भीम सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, पार्षद वीरेंद्र ठाकुर, राजपाल सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, श्याम सिंह ठाकुर आदि कार्यकर्ताओं ने मिलकर किया स्वागत।

## देवबड़ला में आज से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले की तैयारियों मंदिर समिति ने पूर्ण कर ली हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत व देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेन्द्र सिंह भाटी ने बताया ऋषि मुनियों की तपोभूमि देवबड़ला 6 मार्च दिन बुधवार से तीन दिवसीय मेला प्रारंभ हो रहा है, जिसमें प्रतिदिन सुबह बाबा विल्वेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन किया जाएगा एवं दोपहर 12 बजे से पूजा शर्मा पुंजापुरा बागली के मुखारविंद शिव पार्वती कथा प्रवचन होगा एवं प्रतिदिन रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन होगा। 8 मार्च महाशिवरात्रि पर बाबा महादेव का रुद्राभिषेक महा आरती व महाप्रसाद का आयोजन होगा। समिति द्वारा लगातार कई दिनों मेले की तैयारी की जा रही है समिति द्वारा हर संभव प्रयास किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना आए। मेला समिति का निवेदन है कि आप अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचें। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बाबा के दर्शन कर अमृत में वचनों का लाभ ले एवं अपने जीवन को धन्य करें। आयोजक संयोजक निवेदक मेला समिति एवं समस्त क्षेत्रवासी ने अपील की है कि दुकानदार बंधू ओड़ने और बिछाने की सामन अपने साथ लाएं।

### टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल हुईं ग्रामीण क्षेत्रों की क्रिकेट टीम

# सिद्धिगंज टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नमेंट का फाइनल मुकाबला




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम सिद्धिगंज में बने स्टेडियम में टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के आसपास के गांव की टीमों ने भाग लिया। जिसमें सेमीफाइनल चाचारसी और गनी इलेवन के बीच खेला गया। गनी इलेवन ने पहले बेटिंग करते हुए 10 ओवर में 116 रन बनाए। जवाब में चचारसी की पूरी टीम 10 ओवर में 92 रन ही बना सकी। गनी इलेवन ने 24 रनों से मैच जीत लिया। इस के बाद गनी इलेवन व सिद्दीकगंज टीम दुवारा फाइनल मुकाबला खेला गया फाइनल मुकाबले में गनी इलेवन द्वारा पहले बैटिंग की गई।

जिसमें पूरी टीम द्वारा 102 रन ही बना सकी। जवाब में सिद्धिगंज टीम के बेस्ट मैन ने जोरदार बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में ही अपनी टीम को जीत दिला दी। सिद्दीकगंज टीम द्वारा फाइनल मुकाबला आसानी से जीत लिया गया। फाइनल मुकाबला विजेता टीम को शेलेन्द्र सिंह ठाकुर की ओर से ट्रॉफी दी गई। उप विजेता टीम को विनोद गिर की ओर से ट्राफी दी गई। विजेता टीम को समिति की ओर से 51 हजार रुपए दिए गए। उप विजेता टीम को राकेश सिसोदिया सरपंच समरी बोन्दा व धर्मेंद्र सिंह सरपंच कतला की ओर से 11 हजार रुपए दिए गए। विजेता टीम को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर खुटालिया धाम, महेंद्र सिंह कजले सरपंच सिद्धिगंज, अमरसिंग सरपंच उमरदड़, राकेश सिसोदिया सरपंच समरी, धर्मेन्द्र सिंह सरपंच कतला, राहुल बडगुजर श्यामपुर मगरदा सरपंच द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को सील्ड प्रदान की गई। इस दौरान अखिलेश मालवीय अम्पायर, छोटू सेन, पवन वेद, जयदीप वेद, अमर, रोहित, पंकज, संदीप, कुलदीप, अजय गहलोत, विजय गहलोत, शकील शाह, महेंद्र नायक, दीपक ठाकुर, इरफान पठान, अनु करोरिया, मयूर गहलोत, रोहित वर्मा, निखिल गोस्वामी, इमरान मंसूरी, अंश शाह, संजय गहलोद, अकरम, शाहरुख शाह आदि क्षेत्र के खिलाड़ी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में दर्शकों द्वारा खेल का आनंद लिया।

## खबर प्रकाशित की तो पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी



### ग्रामीणों की मदद से पुलिस के हत्थे चढ़े बाइक चोर

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बाइक चोरी की घटना, पुलिस ने दो आरोपियों को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

अहमदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा हसन में 1 जुलाई की रात्रि लगभग 8:30 बजे करीब दो युवक मोटरसाइकिल चुरा कर ले गए थे। सरपंच के घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद हो गई थी। वही इस घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की शिकायत अहमदपुर थाने में दर्ज ग्राम बरखेडा की अज्ञात दो आरोपियों के विरूद्ध मो.सा. क्रमांक एमपी 37 एमसी 3260 को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना थाना प्रभारी अहमदपुर उनि कौशलेन्द्र सिंह बघेल को मामले पर त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों को शीघ्र गिरतासर कर मोटर सायकल में पहचाना गया जिसके तकनीकी सहायता के आधार पर नारियल खेडा में दविश देकर उक्त चोरी गई मोटरसायकल सहित पकडकर जाकर पूछताछ की गई। अरूण कुशवाह ने अपने साथी राजेन्द्र सिंह पिता धूरसिंह गुर्जर आयु 18 साल निवासी अहमदपुर के साथ उक्त घटना कारित करना स्वीकार किया। प्रकरण में चोरी गई मो.सा. क्रमांक एमपी 37 एमसी 3260 को जप्त किया गया है। उक्त कार्रवाई में उनि कौशलेन्द्र सिंह बघेल, सउनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

सीहोर जिले के अहमदपुर थाना क्षेत्र में एक पत्रकार को खबर प्रकाशित करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा धमकी दी गई, जिसकी शिकायत पत्रकार द्वारा थाना अहमदपुर में दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक अहमदपुर निवासी पत्रकार वसीम उद्दीन द्वारा जुलाई,2023 में अहमदपुर निवासी राजेन्द्र उर्फ गुल्ला गुर्जर और उसके साथी अरुण कुशवाह को चोरी के मामले में अहदमपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जिसकी खबर पत्रकार वसीम उद्दीन द्वारा खबर प्रकाशित की गई थी। इसी बात को लेकर राजेन्द्र सिंह उर्फ गुल्ला रंजिश रखने लगा पूर्व में भी अभद्रता की गई, वही विगत दिनों मेरा पुत्र घर आ रहा था तभी राजेन्द्र सिंह उर्फ गुल्ला निवासी अहमदपुर ने कहा कि तेरे पिता को समझा लेना नही तो अंजाम बुरा होंगा और मेरे घर आकर मुझे गालियां दी कहा कि तेरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा। इस पूरे मामले की शिकायत पत्रकार वसीम उद्दीन द्वारा थाना अहमदपुर में दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।